अल्टा कैलिफोर्निया रीजनल सेंटर (ACRC) क्या है?

ACRC कैलिफोर्निया डेवेलपमेंटल सर्विसेज (DDS) के साथ एक समर्पित समझौते के तहत काम करने वाला प्राइवेट नॉन-प्रॉफिट कॉर्पोरेशन है जिसका लक्ष्य विकासात्मक अक्षमताओं वाले लोगों और उनके परिवारों को उनके अपने समुदाय में स्वस्थ और उत्पादक जीवन जीने में मदद करना है। ACRC's ACRC के आरंभिक शुरूआती कार्यक्रम के माध्यम से जन्म से 36 महीने तक की आयु वाले बच्चों की सेवा की जाती है जिन्हें कोई विकास संबंधी विलंब की समस्या है अथवा विकासशील विकलांगता जोखिम है।

ACRC समुदाय में एक ऐसी एजेंसी है जिसके ज़रिए विकास संबंधी अक्षमताओं वाले लोग और उनके परिवारों को उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ज़रूरी सार्वजनिक और निजी सेवाओं को इस्तेमाल करने के लिए मदद दी जाती है।

ACRC को 1969 के लैंटरमैन मेंटल रिटार्डेशन सर्विसेज एक्ट द्वारा स्थापित किया गया था, इसे कैलिफोर्निया के 21 क्षेत्रीय केंद्रों के नेटवर्क में शामिल किया गया है।

अनगिनत लोगों को सेवाएं दी गई

ACRC अल्पाइन, कोलुसा, एल डोरैडो, नेवादा, प्लेसर, सैक्रामेंटो, सिएरा, सटर, योलो और युबा काउंटियों के निवासियों को सेवा प्रदान करता है।

आरंभिक शुरूआती कार्यक्रम (जन्म से 36 महीने): यदि आपको किसी शिशु या काफी नन्हें बच्चे के विकास के बारे में कोई भी चिंता है, तो कृपया विकासात्मक मूल्यांकन के लिए संदर्भ लें।

लैंटरमैन अधिनियम के तहत पात्रता (3 वर्ष की आयु से वयस्कता तक): 3 और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की क्षेत्रीय केंद्र पात्रता का निर्धारण ACRC द्वारा मूल्यांकन और डायग्नोसिस के माध्यम से किया जाता है। पात्रता के लिए शर्तें:

- बौद्धिक अक्षमता*
- सेरेब्रल पाल्सी
- मिर्गी
- ऑटिज्म
- या विकलांगता से जुड़ी ऐसी अन्य स्थितियाँ जिनका बौद्धिक विकलांगता से निकट संबंध हैं या जिनके लिए आवश्यक उपचार बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए आवश्यक उपचार के समान हों।

*इंटेलेक्च्युअल डेवलपमेंटल डिसऑर्डर (IDD) भी कहा जाता है

अस्थायी पात्रता: लैंटरमैन सेवाओं के लिए अयोग्य पाए जाने वाले 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे क्षेत्रीय केंद्र सेवाओं के लिए अस्थायी तौर पर पात्र हो सकते हैं। अस्थायी पात्रता के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएँ।

ACRC कौन-कौन सी सेवाएँ प्रदान कर सकता है?

- शिशुओं और काफी नन्हें बच्चों के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाएँ प्रदान करने के लिए विकासात्मक मूल्याँकन।
- 3 वर्ष की आयु से लेकर वयस्कता तक की आयु वाले व्यक्तियों के लिए मूल्याँकन और निदान।
- वैयक्तिकृत नियोजन
- सेवा समन्वयन
- सूचना और रेफरल
- जरूरी सेवाओं की खरीदारी

सेवा की कीमत कितनी है?

पात्रता निर्धारित करने के लिए नि:शुल्क मूल्याँकन किया जाता है। पात्र पाए जाने पर, केस मैनेजमेंट एक नि:शुल्क इनडिविजुअल प्रोग्राम प्लान (IPP) तैयार करेगा।

18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के माता-पिता के लिए, कुछ सेवाओं के लिए कुछ खर्चे साझा किए जा सकते हैं। यदि कोई शुल्क आपके परिवार पर लागू होता है, तो आपका सेवा समन्वयक आपको अधिक जानकारी देगा।

@altacaliforniaRC

@altacal_rc

@AltaCal_RC

मैं रेफरल बनाने के लिए किसे कॉल करूं?

जन्म से लेकर 36 महीने की आयु तक के शिशुओं और काफी नन्हें बच्चों के लिए, कृपया (916) 978-6249 पर कॉल करें या हमारी वेबसाइट पर जाएँ:

3 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों से लेकर वयस्क होने तक वाले बच्चों के लिए, कृपया (916) 978-6317 पर कॉल करें या हमारी वेबसाइट पर जाएँ:

।व्यक्तियों को किसी भी आयु में ACRC को रेफर किया जा सकता है। रेफरल के समय 18 वर्ष और उससे अधिक की आयु वाले लोगों के लिए मूल्यांकन से यह निर्धारित किया जाना जरूरी है कि पात्रता संबंधी स्वास्थ्य समस्या उनके 18 वें जन्मदिन से पहले शुरू हुई और मूल रूप से उसी के कारण अक्षमता हुई, तभी वे क्षेत्रीय केंद्र सेवाओं के लिए क्वालीफाई कर सकेंगे।

कार्यालय स्थान

Grass Valley
333 Crown Point Cir.,
Suite 200,
Grass Valley,
CA 95945
(530) 272-4231
फैक्स (530) 272-4637

Sacramento
2241 Harvard St.,
Suite 100,
Sacramento,
CA 95815
(916) 978-6400
फैक्स (916) 489-1033

Yuba City
950 Tharp Rd.,
Suite 202, Yuba City,
CA 95993
(530) 674-3070
फैक्स (530) 674-7228

Woodland
283 West Court St.,
Suite B, Woodland,
CA 95695
(530) 666-3391
फैक्स (530) 666-3831

Placerville
573 Main St.,
Placerville,
CA 95667
(530) 626-1353
फैक्स (530) 626-0162

Roseville
516 Gibson Dr.,
Suite 150, Roseville,
CA 95678
(916) 437-6900
फैक्स (916) 978-6583

Truckee
13450 Donner Pass
Rd., Suite B,
Truckee,
CA 96161
(530) 587-3018
फैक्स (530) 550-2217

South Lake Tahoe
2489 Lake Tahoe
Blvd., Suite 1,
South Lake Tahoe,
CA 96150
(530) 314-5970
फैक्स (530) 314-5971

Alta California
Regional Center

अल्टा कैलिफोर्निया रीजनल सेंट

विकास संबंधी अक्षमताओं वाले व्यक्तियों और उनके परिवारों की सेवा करना।

www.altaregional.org